imma

Hindi Milaap

Postal stamp in the memory of LV Prasad to be launched on 5th

clip 1 Edition: Hyderabad Clip Date: 2-September-2006 Page No: 3 Clip Height/Width: 5 cm/9 cm

---

एल.वी. प्रसाद की स्मृति में डाक टिकट 5 को

हैदराबाद, 1 सितम्बर-(मिलाप ब्यूरो)

डाक विभाग द्वारा प्रसिद्ध फिल्मकार स्व. एल.वी. प्रसाद की स्मृति में आगामी 5 सितम्बर को सुबह 11 बजे माधापुर स्थित हैदराबाद इंटरनेशनल कान्वेंशन सेंटर, हाईटेक्स में संस्मरण डाक टिकट जारी किया जाएगा।

आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि केन्द्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य-मंत्री डॉ. शकील अहमद इस संस्मरण डाक टिकट को जारी करेंगे तथा मुख्यमंत्री डॉ. वाई. एस. राजशेखर रेड्डी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय खान राज्य-मंत्री डॉ. दासरि नारायण राव, डॉ. अक्किनेनी नागेश्वर राव, डॉ. गुल्लापुडि नागेश्वर राव, कमल हसन, डीवीएस राजू, रामोजी राव तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।